प्रेस नोट दिनांक 28/04/19

थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा माँ शाकुम्भरी प्लास्टिक उधोग कुम्हारहेडा से तिरपाल जो आगरा के लिये दिनांक 20.04.19 को लोड कराकर भेजी गई थी की बरामदगी व 03 नफर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के संबंध मे:-

अवगत कराना है, कि दिनांक 28/04/19 को श्री दिनेश कुमार पी० वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सहारनपुर तथा पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व क्षेत्राधिकारी सदर महोदय सहारनपुर व श्री आदेश कुमार त्यागी थानाध्यक्ष गागलहेडी के आदेशो/निर्देशो के अनुपालन में थाना हाजा से उपनिरी0 श्री संजय कुमार मय उपनिरी0 श्री गम्भीर सिंह मय हैड का0 121 अरविन्द कुमार के वास्ते तफतीश मु0अ0स0 122/19 धारा 406 भादवि0 की विवेचना मे तलाश माल व मुलजिमान के दौराने मुखबिर खास सूचना पर पालम रिसोर्ट के आगे अमरुद के बाग के अन्दर गाडी आयशर कैन्टर संख्या HR 38S-2105 को जिसमे माँ शाकुम्भरी प्लास्टिक उधोग कुम्हारहेडा से तिरपाल दिनांक 20.04.19 के आगरा पहुँचाने के लिए चालक रोहताश ठाकुर द्वारा भरा गया था। चालक रोहताश ठाकुर पुत्र स्व0 अमर सिंह निवासी गली न0 10 भीमनगर कालोनी विजयनगर जिला गाजियाबाद व उसके साथी संजय चौधरी उर्फ करन पुत्र स्व0 सुखवीर सिंह नि0 म0न0 D 5107 नन्द ग्राम थाना सिंहानी गेट गाजियाबाद व अखिल जिन्दल पुत्र भुवनेश जिन्दल निवासी J-1 ,201 सांगवान हाइटस राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद को समय करीब 5.00 बजे सुबह मय माल के गिरफ्तार किया गया है तथा गाडी मय माल को बरामद कर विवेचना का सफल निस्तारण किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम पताः-

1.रोहताश ठाकुर पुत्र स्व0 अमर सिंह नि0 गली नं0 10 भीमनगर कालोनी विजयनगर थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम दौलतगढ थाना चांदपुर जिला बुलन्दशहर (चालक)

2. संजय चौधरी उर्फ करन पुत्र स्व0 सुखवीर सिंह नि0 म0न0 D 5107 नन्दग्राम थाना सिंहानी गेट गाजियाबाद (कन्डैक्टर)

3.अखिल जिन्दल पुत्र भुवनेश जिन्दल निवासी J-1 ,201 सांगवान हाइटस राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद (माल खरीदने वाला)

बरामदगी का विवरणः-गाडी संख्या HR 38S-2105 आयशर कैन्टर व तिरपाल कीमत करीब 07 लाख रुपये।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1-श्री आदेश कुमार त्यागी थानाध्यक्ष गागलहेड़ी

2-उपनिरी0 श्री संजय कुमार

3-उपनिरी0 श्री गम्भीर सिंह

4-हैड का0 121 अरविन्द कुमार

-:प्रेस नोट:-

थाना जनकपुरी व अभिसूचना विंग की संयुक्त टीम द्वारा भारत पेट्रोल पम्प के सामने देहरादून रोड पर चाँद इण्टर प्राइजेज इण्डेन गैस गोदाम, सडक दूधली के इन्चार्ज/कैशयर श्री मुकेश चौधरी से हुई 3,66,000/- रू0 की लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुये 05 शातिर लुटेरो को लूट के 3,66,000/- रू0 नकद व अवैध असलहा सहित किया गिरफ्तार:-

अवगत कराना है कि दिनांक 23/04/2019 समय सायं 21.15 बजे भारत पेट्रोल पम्प के सामने देहरादून रोड पर चाँद इण्टर प्राइजेज इण्डेन गैस गोदाम, सडक दूधली के इन्चार्ज/कैशयर श्री मुकेश चौधरी से हुई 3,66,000/- रू0 की लूट जिसका थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0- 92/19 धारा 392 भादवि पंजीकृत हुआ था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर श्री दिनेश कुमार पी ०, पुलिस अधीक्षक नगर श्री विनीत भटनागर एंव पुलिस उपाधीक्षक श्री मुकेश चन्द्र मिश्र के कुशल एंव शानदार निर्देशन में मुकेश कुमार गौतम प्रभारी निरीक्षक थाना जनकपुरी एंव थाना पुलिस बल तथा श्री जर्रार हुसैन प्रभारी अपराध शाखा अभिसूचना विंग एंव विंग के पुलिस बल द्वारा दिनांक 27/04/2019 समय 16.00 बजे पराग डेरी, जनता रोड सहारनपुर से लूट के रूपयों को बटवारा करते समय पुलिस मुठभेड में जब्बार पुत्र शमीम मय तमंचा 315 बोर व कारतूस एंव लूट के हिस्से के 78,000/- रू0, बादशाह उर्फ कमर आलम पुत्र रियासत मय चाकू व लूट के हिस्से के 72,000/- रू0, खुशहाल पुत्र इकराम मय चाकू व लूट के हिस्से के 72,000/- रू0 निवासीगण ग्राम सडक दूधली थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर, सारिक पुत्र मो0 रईस निवासी 62 फुटा रोड, हाकमशाह कालोनी थाना कुतुबशेर सहारनपुर मय एक तमंचा 315 बोर व कारतूस एंव लूट के हिस्से में आया 72,000/- रू0 और गुलशेर पुत्र ताहिर निवासी वर्धमान कालौनी चिलकाना रोड थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर मय एक तमंचा 315 बोर व कारतूस एंव लूट के हिस्से में 72,000/- रू0 बरामद हुआ। जब्बार एंव सारिक से बेहट थाना क्षेत्र के ग्राम मांझीपुर व भूकडी के बीच मोड पर दिनांक 06/02/2019 को हुई लूट का मोबाइल व DL एंव PAN Card भी बरामद हुए। साथ ही लूट की रैखी एंव योजना को अमली जामा पहनाने में प्रयुक्त मोबाइलों को भी कब्जे में लिया गया तथा लूट में प्रयुक्त मोटर साइकिल को बदमाशों के कब्जे से लिया गया। इस प्रकार दिनांक 23/04/2019 को हुई लूट का सम्पूर्ण रूपया 3,66,000/- रू0 बरामद किया गया। बदमाशों ने पुलिस बल पर चारों तरफ से घिरता देख जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिससे पुलिस बाल-बाल बची।

पुलिस बल द्वारा बहुत ही कम समय में सडक सरेआम पर हुई लूट की घटना का शत प्रतिशत रूपया बरामद कर सफल अनावरण किया गया। इस लूट में दो बदमाशों जब्बार एंव सारिक नें लूट को अन्जाम दिया तथा बदमाश खुशहाल एंव गुलशेर द्वारा गैस गोदाम कैशयर की रैखी कर एंव सूचना देकर योजनाबद्ध रूप से इन पाँचों नें सामान्य आशय से अन्जाम दिया। अतः इनके विरूद्ध मुकदमा को धारा 34/395/412 भादवि में परिवर्तित किया गया तथा पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से एक राय होकर फायर करना एंव अवैध शस्त्रों को रखने में मु0अ0सं0- 94/19 से मु0अ0सं0- 99/19 धारा 307 भादवि एंव 3/25, 4/25 आयुध अधिनियम में भी मुकदमा पंजीकृत हुए। बदमाश जब्बार व सारिक की निशादेही पर लूटा गया जली हालत में बैग बरामद किया गया। जिसको वादी मुकदमा श्री मुकेश चौधरी के PNB की चैक बुक से मिलान खाता है जिसे वादी नें पहचाना।

वादी मुकदमा / इण्डेन गैस गोदाम इन्चार्ज- श्री मुकेश चौधरी पुत्र स्व0 अजब सिंह निवासी न्यू भगत सिंह कालौनी थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर।

चाँद इण्टर प्राइजेज बेरीबाग, इण्डेन गैस गोदाम सडक दूधली की मालिक - श्रीमती अरूणा चाँद पत्नी स्व0 श्री केप्टन विपिन चाँद निवासी महेन्द्रा गार्डन, थाना सदर बाजार के सामने जनपद सहारनपुर।

मु0अ0सं0- 92/19 धारा 34/395/412 भादवि

दिनांक घटना 23/04/19 व समय 21.15 बजे।

दिनांक सूचना 23/04/19 व समय 22.25 बजे।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण-

(1) **जब्बार पुत्र शमीम** निवासी ग्राम सडक दूधली थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर।

NIL

(2) **सारिक पुत्र मो0 रईस** निवासी 62 फुटा रोड हाकमशाह कालौनी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

(i) मु0अ0सं0- 178/18 धारा 147/148/149/307/323/324/342/504 भादवि चालानी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

(3) **गुलशेर पुत्र ताहिर** निवासी वर्धमान कालौनी, चिलकाना रोड थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

(i) मु0अ0सं0-178/18 धारा 147/148/149/307/323/324/342/504 भादवि चालानी थाना कुतुबशेर जनपद सहारनपुर।

(ii) मु0अ0सं0-222/14 धारा 60/72 Ex. Act चालानी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

(iii) मु0अ0सं0-392/12 धारा 363/366 भादवि चालानी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर।

(iv) मु0अ0सं0- 364/10 धारा 420/467/468/504/506 भादवि चालानी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर।

(4) **बादशाह उर्फ कमर आलम** पुत्र रियासत निवासी ग्राम सडक दूधली थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर।

NIL

(5) **खुशहाल पुत्र इकराम** निवासी ग्राम सडक दूधली थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर।

NIL